सौर ऊर्जा से रोशन होंगे बस स्टेशन, वर्कशॉप

अमर उजाला ब्यूरो

115 वर्कशॉप और 300 बस अड्डों पर लगेंगे सोलर पैनल

लखनऊ। रेलवे स्टेशनों की तर्ज पर रोडवेज की वर्कशॉप और बस अड्डे भी सौर ऊर्जा से जगमगाएंगे। 115 कार्यशालाओं और 300 बस अड्डों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसका प्रस्ताव बनाया जा रहा है, जिसके लिए यूपीनेडा से संपर्क किया जा रहा है।

रेलवे प्रशासन के बाद अब रोडवेज मुख्यालय अपनी वर्कशॉप व बस अड्डों को सौर ऊर्जा से जगमगाने की तैयारी में है। रोडवेज के कुल 20 परिक्षेत्र हैं, जिसमें से एक क्षेत्र शहरी और उपनगरीय सेवाएं संचालित करता है। प्रत्येक क्षेत्र में एक क्षेत्रीय कार्यशाला है, जहां बसों की मरम्मत होती है।

रोडवेज की कुल 115 कार्यशालाएं, कार सेक्शन हैं तथा कुल 300 बस स्टेशन हैं। इनमें से 249 स्वामित्व वाले परिसर में और 51 किराये के परिसर में संचालित होते हैं। रोडवेज मुख्यालय के बाद अकेला कैसरबाग बस अड्डा ही ऐसा है, जो सोलर पैनल से लैस हो चुका है।